समाचार

कोरबा शहर के विभिन्न स्थानों पर चली मेगा स्वच्छता ड्राईव

(जिला अस्पताल, पी.जी.कालेज, कोरबा पुराना शहर, वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर सहित अन्य विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं, स्वयंसेवी संगठन व नागरिकों ने दी सफाई कार्यो में सहभागिता, ग्रहण की स्वच्छता शपथ)

कोरबा 25 सितम्बर 2024 – स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत संचालित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत कोरबा नगर के विभिन्न स्थानों यथा जिला अस्पताल, पी.जी.कालेज, कोरबा पुराना शहर, वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर सहित अन्य विभिन्न स्थानों पर मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं नागरिकों ने स्वच्छता कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दी, सफाई कार्यो में हाथ बटाया तथा शहर को साफ–सुथरा रखने, स्वच्छता में सहयोग करने एवं इस हेतु औरो को भी प्रेरित करने का संकल्प दोहराया।

यहॉ उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन व निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में विगत 17 सितम्बर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कोरबा जिले में वृहद स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन हो रहा है, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, इस अभियान में समाज के सभी वर्ग के लोग अपनी सहभागिता दे रहे हैं, स्वच्छता कार्यो में हाथ बटा रहे हैं। इसी कड़ी में कोरबा नगर के

विभिन्न स्थानों में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई, बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सालय एवं चिकित्सा महाविद्यालय, सी.एम.एच.ओ. कार्यालय परिसर कोरबा में आयोजित स्वच्छता अभियान में के. एन.कालेज, पी.जी.कालेज, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, शास.उच्च.माध्यमिक विद्यालय पी. डब्ल्यू.डी.रामपुर के छात्र–छात्राओं तथा चिकित्सालय व नगर निगम कोरबा के अधिकारियों ने अपना–अपना श्रमदान देकर समूचे परिसर की साफ–सफाई की, इस मौके पर उपस्थित जनों ने स्वच्छता शपथ ग्रहण की एवं घर, गली, मोहल्ले, वार्ड व शहर की स्वच्छता में निरंतर सहभागिता देने, शहर को साफ–सुथरा रखने, गदंगी न करने तथा इस हेतु औरो को भी प्रेरित करने के अपने संकल्प को दोहराया। इस मौके पर बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सालय एवं चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ.अविनाश मेश्राम, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, अस्पताल अधीक्षक डॉ.गोपाल सिंह कंवर, उप अधीक्षक डॉ.डी.एस.पटेल, एन.एस.एस. के जिला संगठक वाई.के.तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, जी.एम. उपाध्याय, अजय पटेल, वर्षा सिंह, रामेश्वरी सोनकर, जयप्रकाश पटेल, धनमोहन, वीणा मिस्त्री सहित महाविद्यालयीन व विद्यालयीन छात्र–छात्राओं ने अपनी–अपनी सहभागिता दी।

रोटरी क्लब व आटो संघ बने सफाई कार्यो में सहभागी – स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कोरबा पुराने शहर में रानी धनराज कुंवर अस्पताल से पुराना बस स्टैण्ड होते हुए रेलवे क्रांसिंग तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। रोटरी क्लब कोरबा, आटो संघ एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता देते हुए साफ–सफाई का कार्य किया, आमजन से आग्रह किया कि वे शहर को साफ–सुथरा रखने में अपनी सहभागिता दें, सड़क, नाली, सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालें, अपने घर व आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता पर नजर रखें और किसी को गदंगी न करने दें।

वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर में स्वच्छता अभियान – नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर में वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान की अगुवाई में स्वच्छता अभियान चलाया गया, वार्ड के नागरिकों एवं नगर निगम के कर्मचारियों, सफाई मित्रों के सहयोग से बस्ती में विशेष साफ–सफाई की गई, इस दौरान वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान ने बस्ती व वार्ड के लोगों से अपील की कि वे अपनी बस्ती व वार्ड की स्वच्छता के प्रति सजग रहें, सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता दें ताकि उनकी बस्ती व वार्ड हमेशा स्वच्छ बना रहे।

पी.जी.कालेज कोरबा में स्वच्छता कार्यक्रम – शासकीय ई.वि.स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा की प्राचार्या डॉ.साधना खरे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस मौके पर छात्र–छात्राओं ने मंचीय नाटक, भाषण, ड्राईंग, रंगोली, स्क्रेप सामग्री से माडल निर्माण आदि विभिन्न माध्यमों से स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान व शहर की स्वच्छता के प्रति अपनी निरंतर सहभागिता बनाए रखने का संकल्प दोहराया।